प्रादेशिक समाचार

दिनांक – 10.03.2026 (सुबह – 0830 बजे)

मुख्य समाचार

1. **केन्द्र सरकार ने एलपीजी उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने का दिया निर्दे□ा, रांची प्रशासन की अपील, 25 दिन पहले बुकिंग की सलाह।**

2. **राजधानी रांची में हस्तशिल्प और हस्तकरघा का संगम, मोरहाबादी मैदान में 20 मार्च तक सजे रहेंगे 620 स्टॉल।**

3. **रांची के रेस्टोरेंट फायरिंग केस पर डीजीपी सख्त, अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम गठित करने के निर्देश।**

4. **पलामू टाइगर रिजर्व में वन्य जीव संरक्षण के लिए एआई का इस्तेमाल,देश का दूसरा टाइगर रिजर्व बना, तीन इलाकों में लगाए गए स्मार्ट कैमरे।**

और

5. **राज्य में कई हिस्सों में आज बारिश और वज्रपात की संभावना, मौसम विभाग ने किया यलो अलर्ट जारी।**

****

केन्द्र सरकार ने तेल रिफाइनरियों को एलपीजी उत्पादन बढ़ाने और अतिरिक्त उत्पादन को घरेलू उपयोग के लिए उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। यह कदम ईंधन आपूर्ति में मौजूदा भू–राजनीतिक तनाव और एलपीजी आपूर्ति पर लगी पाबंदियों के मद्देनजर उठाया गया है। सोशल मीडिया पोस्ट में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने कहा कि सरकार ने घरेलू उपभोक्ताओं के लिए एलपीजी आपूर्ति को प्राथमिकता दी है।

****

रांची जिला प्रशासन ने घरेलू एलपीजी सिलेंडर की आपूर्ति से जुड़ी समस्याओं पर कड़ा रुख अपनाते हुए गैस कंपनियों और एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने लोगों को 25 दिन पहले कराने की सलाह दी। प्रशासन ने गैस सिलेंडर की कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई की चेतावनी देते हुए व्यापक जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से कल रांची स्थित लोक भवन में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने राज्य सरकार की विभिन्न विकास एवं लोक–कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन की जानकारी दी। उन्होंने अपनी हालिया दावोस में आयोजित वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम और यूनाइटेड किंगडम की यात्रा के दौरान राज्य की निवेश नीतियों और सतत विकास के प्रयासों से भी राज्यपाल को अवगत कराया।

****

राजधानी रांची के मोरहाबादी मैदान में सोमवार से राजकीय हस्तकरघा एवं सरस मेला शुरू हो गया है। उद्योग मंत्री संजय यादव और ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडेय सिंह ने मेले का

उद्घाटन किया। इस मौके पर मंत्री दीपिका पांडे ने कहा कि राज्य के अन्य जिलों में भी सरस मेले और हस्तकरघा मेले आयोजित किए जाएंगे, ताकि ग्रामीण उद्यमियों और कारीगरों को अपने उत्पादों की बिक्री के लिए बेहतर मंच मिल सके।

****

झारखंड की पुलिस महानिदेशक एवं महानिरीक्षक तदाशा मिश्रा ने रांची के कुटियातू स्थित एक रेस्टोरेंट में हुई फायरिंग की घटना को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की और आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के निर्देश दिए। उन्होंने तकनीकी साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज के आधार पर विशेष टीम गठित कर छापेमारी अभियान तेज करने को कहा। वहीं रामगढ़ जिले के रजरप्पा मंदिर में श्रद्धालुओं के साथ मारपीट के वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए डीजीपी ने कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद मामले में शामिल पुलिसकर्मियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया गया है।

****

रांची नगर निगम शहर की सड़कों को व्यवस्थित करने के लिए मल्टी लेवल पार्किंग बनाएगा। नगर निगम आयुक्त सुशांत गौरव ने बताया कि इसके लिए जगह चिह्नित कर ली गई है।

****

रांची स्थित आईसीएआर में आयोजित किसान मेला में खूंटी जिले की पलाश दीदी बेकरी यूनिट को उत्कृष्ट कृषि आधारित स्टार्टअप के लिए सम्मानित किया गया। बीएमएमयू तोरपा की ओर से लगाए गए स्टॉल में मडुवा से बने विभिन्न उत्पादों को आगंतुकों ने काफी सराहा। कार्यक्रम में कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

****

पलामू टाइगर रिजर्व देश का दूसरा टाइगर रिजर्व बन गया है जो वन्य जीवों के संरक्षण में एआई का इस्तेमाल करेगा. ओडिशा के सिमलीपाल टाइगर रिजर्व ने सबसे पहले वन्य जीव के संरक्षण में एआई तकनीक का इस्तेमाल किया। पीटीआर उपनिदेशक प्रजेशकांत जेना ने बताया कि पलामू टाइगर रिजर्व के तीन अलग–अलग इलाकों में एआई सिस्टम से लैस कैमरों को लगाया गया है, जबकि अन्य इलाकों में भी पायलट प्रोजेक्ट के तहत एआई कैमरे इंस्टॉल किये जाएंगे।

****

सरायकेला–खरसावां जिले में स्थित दलमा आश्रायणी में तीन दिवसीय बर्ड फेस्टिवल का आयोजन किया गया। इसमें सौ पक्षी प्रेमियों ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

****

मौसम विभाग ने राज्य में कई हिस्सों में आज और कल हल्की बारिश की संभावना जताई है। उत्तर पूर्वी और निकटवर्ती मध्य भागों में कही–कहीं गर्जन के साथ तेज हवा और वज्रपात हो सकती है। विभाग ने इसे लेकर यलो अलर्ट जारी किया है।

****

एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप 2026 क्वालीफायर में भारतीय टीम ने स्कॉटलैंड के साथ दो दो से ड्रॉ खेला। हैदराबाद के जीएमसी बालयोगी हॉकी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले में भारत के लिए नवनीत कौर और सुनेलिता टोप्पो ने गोल किए। इसके बाद दोनों टीमों के चार–चार अंक हो गए हैं, लेकिन बेहतर गोल अंतर के आधार पर भारतीय टीम पूल–बी में शीर्ष स्थान पर बनी हुई है।

****

और अब अखबारों की सुर्खियां

राज्य से प्रकाशित होने वाले लगभग सभी अखबारों ने अंतरराष्ट्रीय बाजारों में बढ़ते तेल संकट की खबर को प्रमुखता से लिया है। साथ ही विधानसभा की कार्यवाही को भी सुर्खी बनाई है।

प्रभात खबर ने लिखा– दुनिया के लिए भारत नहीं खोलेगा अपना तेल भंडार, स्थिर रहेंगी डीजल पेट्रोल की कीमतें।

हिंदुस्तान की सुर्खी है' दुनिया की अर्थव्यवस्था लड़खड़ाई।

दैनिक जागरण ने लिखा सरकार ने 30 हजार युवाओं को दी नौकरी, आर्थिक संसाधनों पर होंगी नियुक्तियां

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– पहली बारः मुख्य निर्वाचन आयुक्त को हटाने के लिए विपक्ष लामबंद।

************समाप्त*******************